>

Title: Need to provide funds to the State Government of Madhya Pradesh for deepening works of dams/ponds in Gwalior Parliamentary Constituency.

**श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर):** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र ग्वालियर के घाटीगांव ब्लाक, जिला ग्वालियर में रियासत के समय से स्थापित रायपुर बाँध (40 हैक्टेयर) वीरपुर बाँध (70 हैक्टेयर) गिरवई बाँध (40 हैक्टेयर) मामा का बाँध (40 हैक्टेयर) हनुमान बाँध (40 हैक्टेयर) बरई बाँध (70 हैक्टेयर) एवं आमीआमा का बाँध (40 हैक्टेयर) है। उक्त सभी बाँध बहुत पुराने होने के कारण एवं उनका विधिवत रख रखाव ठीक प्रकार से न होने के कारण इनमें जल भराव की क्षमता बहुत कम हो गई है। ये सभी बाँध जल संसाधन विभाग ग्वालियर के अधीन है, यदि इन बाँधों का गहरीकरण किया जाता है, तो समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ ग्वालियर शहर का जल स्तर बढ़ जायेगा एवं ग्वालियर शहर की जल आपूर्ति में बहुत सुविधा होगी। सरकार से आग्रह है कि ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त 7 स्थानीय बाँधों/तालाबों के गहरीकरण हेतु समुचित राशि प्रदेश सरकार को उपलब्ध करायें।